दूरभाष– 9473942554 ई–मेल– ee_cd_kheri@yahoo.in

# उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण)

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता खण्ड कार्यालय
ग्राम- भन्सरिया, पो०-उदयपुर, लखीमपुर-खीरी (उ०प्र०) 262701

पत्रांक 3497 / M-48 / 173 दिनांक 3 /11/2026

सेवा में,

मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण),
उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण),
लखनऊ।

विषयः– दैनिक भास्कर समाचार पत्र में दिनांक 02.11.2026 को प्रकाशित खबर –"दुबहा गांव का हैंडपंप 15 दिन से खराब, जल जीवन मिशन की टंकी भी बंद, तीन दर्जन से ज्यादा घरों के लोग परेशान; प्रधान ने मरम्मत का आश्वासन दिया" के सम्बन्ध में आख्या।

महोदय,

उपरोक्त विषयक दैनिक भास्कर समाचार पत्र में दिनांक 02.11.2026 को प्रकाशित खबर विकास खण्ड–मोहम्मदी "दुबहा गांव का हैंडपंप 15 दिन से खराब, जल जीवन मिशन की टंकी भी बंद, तीन दर्जन से ज्यादा घरों के लोग परेशानः प्रधान ने मरम्मत का आश्वासन दिया" के सम्बन्ध में सादर अवगत कराना है कि जनपद लखीमपुर के कुल 1692 राजस्व ग्रामों में से 139 राजस्व ग्राम पूर्व निर्मित पेयजल योजनाओं से आच्छादित हैं। शेष 1553 राजस्व ग्रामों को पेयजल आपूर्ति जल जीवन मिशन योजनान्तर्गत मेसर्स एन0सी0सी0 एवं वी0टी0एल0 को सूचीबद्ध किया गया है। 904 नग पाइप पेयजल योजनाओं द्वारा जल जीवन मिशन के अन्तर्गत 1553 नग राजस्व ग्रामों को संतृप्त किया जाना लक्षित है। नलकूप–942 नग, पम्प हाउस –942 नग, वितरण प्रणाली 11534 किमी0, शिरोपरि जलाशय–922 नग, गृह जल संयोजन–564407 नग प्रस्तावित है प्रस्तावित कार्यों के सापेक्ष नलकूप–940 नग, पम्पहाउस–869 नग, वितरण प्रणाली 11519 किमी0, शिरोपरि जलाशय–484 नग, गृह जल संयोजन–535515 नग, कार्य पूर्ण है। जनपद में 1147 ग्रामों में नियमित जलापूर्ति की जा रही है।

समाचार पत्र की खबर विकास खण्ड–मोहम्मदी की बौआ पाइप पेयजल योजना से सम्बन्धित हैं। जिसके सम्बन्ध में सादर अवगत कराना है वर्तमान में जलापूर्ति बाधित होने एवं योजना के पूर्ण संचालन में विलंब का मुख्य कारण लोक निर्माण विभाग (P.W.D.) द्वारा क्षेत्र में कराया जा रहा सड़क चौड़ीकरण का कार्य है। सड़क चौड़ीकरण कार्य के दौरान जल निगम की मुख्य वितरण



Scanned with CamScanner

पाइपलाइन तथा FHTC (फंक्शनल हाउसहोल्ड टैप कनेक्शन) क्षतिग्रस्त (Damage) हो गए हैं, जिसके कारण सुरक्षात्मक दृष्टि से जल आपूर्ति को अस्थायी रूप से बंद किया गया है। पाइपलाइन मरम्मत की कार्यवाही का कार्य प्रगति पर है जिसे शीघ्र ही पूर्ण कराकर जलापूर्ति सुचारू रूप से बहाल करा दी जायेगी। उक्त के अतिरिक्त सादर अवगत कराना है कि इंडिया मार्का हैण्ड पम्प के रिबोर, अनुरक्षण एवं संचालन का कार्य ग्राम पंचायत के द्वारा कराया जाता है उपरोक्त योजना पूर्ण किये जाने की लक्षित तिथि जनवरी–2027 है।

सादर सूचनार्थ।

संलग्नकः– उपरोक्तानुसार।

भवदीय

अधिशासी अभियन्ता।

पृ0सं0 एवं दिनांक उपरोक्तानुसार।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, जल निगम (ग्रामीण) लखनऊ, उ0प्र0।
2. सम्बन्धित सहायक अभियन्ता/जूनियर इंजीनियर (खण्डान्तर्गत)।
3. मो० जमाल (डी०पी०एम०), मै० एन०सी०सी०लि०, लखीमपुर खीरी।
4. गार्ड फाइल।

अधिशासी अभियन्ता।



Scanned with CamScanner